आखर हिंदी पत्रिका; e-ISSN-2583-0597 खंड 2/अंक 3/सितंबर 2022
Received: 13/09/2022; Published: 24/09/2022

क्या मैं देश भक्त हूँ ?

- डॉ सुषमा मेहता

भारत ने जन्म दिया , मृत्यु तक मैं, इसका हूँ ,
भारत ने जीवन दिया , आजीवन मैं, इसका हूँ,
भारत ने मान दिया, स्वाभिमानी मैं, इसका हूँ,
भारत ने ज्ञान दिया , विज्ञानी मैं, इसका हूँ,
भारत ने भूमि दी , शस्य सम्पन्न मैं, इसका हूँ,
भारत ने बुद्धि दी , बुद्धि सम्पन्न मैं, इसका हूँ,
भारत ने भाषा दी , सुभाषित मैं, इसका हूँ,
भारत ने ऊर्जा दी , ऊर्जस्वित मैं, इसका हूँ,
भारत ने आधार दिया , आधार अब मैं, इसका हूँ,
भारत ने आकार दिया , आकार अब मैं, इसका हूँ,
भारत ने ओज दिया , ओजस्वी मैं, इसका हूँ,
भारत ने तेज दिया , तेजस्वी मैं, इसका हूँ,
भारत ने मुस्कान दी , हँसी अब मैं, इसकी हूँ,
भारत ने उड़ान दी , गति अब मैं, इसकी हूँ,
भारत ने सुरक्षा दी, रक्षक मैं, इसका हूँ,
भारत ने शिक्षा दी , शिक्षक मैं, इसका हूँ ,
भारत ने भक्ति दी , भक्त मैं, इसका हूँ,
भारत ने शक्ति दी , सशक्त मैं, इसका हूँ,
भारत ने संस्कार दिया , संस्कारी मैं, इसका हूँ,
भारत ने सब है दिया , आभारी मैं, इसका हूँ,

नहीं है भान मुझे , क्या मैं देश भक्त हूँ ?

पर यही पहचान मेरी , भारतीयता का गर्व हूँ !

****